तापमान
अधिकतम 17.4 डिग्री
न्यूनतम 1.6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026



13 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल



14 तिलक नगर में गली खोदकर बनाना भूला प्रशासन ...








खूनी संघर्ष में बदला पाड़ा मोहल्ला में मामूली झगड़ा

# बच्चों के झगड़े में बीच-बचाव करने आए युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**मंदिर में घुसकर की वारदात हमले में शामिल पांच युवक पकड़े**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के पाड़ा मोहल्ला में बच्चों के मामूली झगड़े में हस्तक्षेप करना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। दिल दहला देने वाली इस वारदात में युवक की चाकू से हमलाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या में शामिल होने के शक में पांच संदिग्ध युवकों को काबू कर लिया है। मामले की गहनता से जांच की जारी है। वहीं, पीड़ित पक्ष के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब 1 घंटे तक रोड पर जाम भी लगाया। ओल्ड सब्जी मंडी थाना क्षेत्र के पाड़ा मोहल्ला में कुछ बच्चे आपस में गाली-गलौज और झगड़ा कर रहे थे। इसी दौरान 25 वर्षीय सावन ने बच्चों को समझाकर घर भेजने की कोशिश की। यह बात बच्चे को नागवार गुजरी, जिसने जाकर परिजनों को जानकारी दे दी। कुछ ही देर में मामला हिंसक हो गया।

**युवक मंदिर में छिपा, फिर भी नहीं बची जान इलाके में तनाव, परिवार सदमे में**

**परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक घंटे तक रोड पर जाम किया**


रोहतक। जांच करते डीएसपी व एफएसएल इंचार्ज सरोज दहिया एवं (इनसेट में सावन)।

### मौके से साक्ष्य जुटाए

उप पुलिस अधीक्षक गुलाब सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हमले से बचने के लिए युवक एक मंदिर में भाग गया, लेकिन हमलावरों ने मंदिर के अंदर घुसकर चाकू से वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल सावन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और एफएसएल की टीम इंचार्ज सरोज दहिया ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

### जांच के लिए कई टीमें गठित

पुलिस के अनुसार, हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुरानी सब्जी मंडी के प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित की गईं। सीआईए की टीमें भी आरोपियों की तलाश में लगाई गईं। छापेमारी के बाद पुलिस ने पांच संदिग्ध युवकों को काबू कर लिया है।

### डंडे और चाकू लेकर पहुंचे परिजन

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, बच्चे के परिवार के कई लोग अचानक हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंचे। उनके हाथों में डंडे और चाकू थे। अचानक हुए हमले से घबराकर सावन वहां से भागने लगा। हमलावरों ने उसका पीछा किया।

### दो पक्षों में हुआ विवाद

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो पक्षों के आपसी विवाद में सावन की चाकू से गोदकर हत्या की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- काबू किए गए युवकों से हत्या की वारदात को लेकर गहन पूछताछ की जा रही
- सावन अपने पीछे पत्नी खुशी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। एक बेटा करीब डेढ़ साल का है, जबकि दूसरा साढ़े तीन साल का
- घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।
- जिस स्थान पर हत्या हुई, वहां से महज 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी स्थित है।

# डबल मर्डर केस में इनामी बदमाश मोगली को एनकाउंटर के बाद पकड़ा

**कार में साथियों के साथ घूम रहा था**

**■ दिल्ली पुलिस के साथ मुठभेड़ में विक्की को गोली लगी**

**रोहतक।** महम क्षेत्र में वर्ष 2024 में हुए चर्चित डबल मर्डर केस के मुख्य आरोपी और इनामी बदमाश विक्की उर्फ मोगली का दिल्ली पुलिस के साथ एनकाउंटर हो गया। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से विक्की घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। इस कार्रवाई में उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि वांछित बदमाश विक्की साथियों के साथ राजधानी में मौजूद है और कार में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी की। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में विक्की घायल हो गया, जबकि उसका एक सहयोगी चंद्रभान पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने मौके से बदमाशों की कार भी जब्त कर ली है। एनकाउंटर के बाद 32 बोर की पिस्तौल और 12 जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं, सहयोगी चंद्रभान के पास से एक देसी बंदूक और 6 कारतूस जब्त किए गए हैं।

### महम: कोर्ट पेशी के बाद हुई थी दोहरी हत्या

महम क्षेत्र में अप्रैल 2024 में लोहारु निवासी वजीर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। वजीर कोर्ट में पेशी के लिए महम आया हुआ था। पेशी के बाद वह भिवानी स्टैंड के पास खरीदारी कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दिल्ली नंबर की एक कार खड़ी थी, जिसमें चार से पांच युवक बैठे बताए गए थे।

### हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़ा आरोपी विक्की

घायल हुआ आरोपी विक्की उर्फ मोगली को गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का करीबी माना जा रहा है। विक्की उर्फ मोगली बहादुरगढ़ का रहने वाला है, जबकि उसका साथी चंद्रभान दिल्ली के रोहिणी का रहने वाला है। चंद्रभान के आपराधिक रिकार्ड की जांच चल रही है।

# मोखरा गांव में युवक पर चलाया फरसा, हाथ के अंगूठे की हड्डी कटी

**महम।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोखरा में युवक पर जानलेवा हमला किए जाने और दो महिलाओं के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवक ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में मोखरा खास गांव के पाना श्याम निवासी रोहित ने बताया कि शाम को 3.30 बजे वह अपने घर पर सो रहा था। उसके पास उसके चाचा का फोन आया कि गांव के शमशेर ने उसकी दादी और चाची को चोट मारी है। वह चाचा सतीश के घर पहुंचा। उसकी दादी और चाची मेडिकल स्टोर पर मरहम पट्टी करवा रही थी। उन्होंने बताया कि शमशेर ने उनको घर में घुसकर डंडे से मारा है। जब वह घर जाकर शमशेर से इस बारे में पूछने लगा तो वह घर के अंदर से फरसा निकाल कर सिर पर मारने के लिए चलाया, लेकिन उसने बचाव में हाथ आगे किया तो फरसे से दाहिने हाथ के अंगूठे की हड्डी कट गई। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया। पुलिस आरोपी शमशेर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


**R.E.D. GROUP OF SCHOOLS**
Chhuchhakwas, Jhajjar, Ch. Dadri (Haryana)
(C.B.S.E. Affiliated with Hostel for Boys & Girls)
**VACANCIES**
For our Schools at Chhuchhakwas, Jhajjar & Charkhi Dadri applications are invited from competent, experienced, energetic, passionate and effective professional candidates with teaching aptitude, fluency in English and IT skills. Those interested to join immediately or any time up to 31st March 2026 should apply for the following:

| | |
|---|---|
| TGT's | English, Hindi, Maths, Social Science, Science, Computer Science and Sanskrit **Gross Salary : Rs. 6 to 7 Lacs p.a. approx** |
| Asstt. Teachers | English, Sanskrit, Hindi, S.Sc., Maths, Computer Science, PTI, Music, and Dance **Gross Salary : Rs. 3 to 4 Lacs p.a. approx** |
| Office Assistant | Computer Operators and Librarian **Gross Salary : Rs. 3 to 4 Lacs p.a. approx** |
| Residence | Residential Accommodation available in Chhuchhakwas Campus. |
| Transport | School conveyance from Bhiwani, Dadri, Bahadurgarh, & Rohtak available. |

Candidate should e-mail their application with Bio Data, Photo and Contact No. at the earliest to the Director, R.E.D. Society, Chhuchhakwas, Distt. Jhajjar Pin-124106
**Only short-listed candidates will be called for Interview.**
Email : career.red@gmail.com, www.redschools.org, Ph. 9992114101










# छोटी रकम, पर बड़ी सोच रखें, तैयार कर सकते हैं 25 लाख तक का फंड

सुझाव | बिजनेस डेस्क

मिडिल क्लास की सबसे बड़ी चिंता भविष्य की सुरक्षा होती है। सैलरी आती है, खर्च निकल जाता है और बचत हाथ से फिसल जाती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रोज की छोटी आदतें आपकी जिंदगी का बड़ा सहारा बन सकती हैं? एक ऐसा तरीका है, जो बिना भारी बोझ के मजबूत फंड बनाने की राह खोलता है। आज के समय में सिर्फ अच्छी नौकरी या ठीक-ठाक कमाई होना ही काफी नहीं है। जितनी तेजी से महंगाई बढ़ रही है, उसी तेजी से पैसे को बढ़ाना भी जरूरी हो गया है। मिडिल क्लास परिवारों के लिए यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है, क्योंकि आमदनी सीमित होती है और जिम्मेदारियां ज्यादा। ऐसे में ज्यादातर लोग सोचते हैं कि बड़ा फंड बनाना उनके बस की बात नहीं है, लेकिन सच्चाई यह है कि सही आदत और सही प्लानिंग से छोटी बचत भी बड़ा कमाल कर सकती है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि ज्यादा निवेश के बिना बड़ा फंड कैसे बने, तो जवाब आपकी रोज की छोटी बचत में छिपा है।

### हमेशा बड़ी सोच रखो

अक्सर हम यह मान लेते हैं कि निवेश तभी संभव है जब जेब में ढेर सारा पैसा हो। इसी सोच की वजह से लोग निवेश को टालते रहते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बड़ा फंड एक दिन में नहीं बनता, बल्कि रोज के छोटे फैसलों से तैयार होता है। रोज 200 रुपये बचाना कोई भारी बोझ नहीं है। यह रकम हम अक्सर अनजाने में चाय, सिगरेट, फास्ट फूड या ऑनलाइन ऑर्डर में खर्च कर देते हैं। अगर यही 200 रुपये रोज बचाकर भविष्य के लिए लगा दिए जाएं, तो यही छोटी आदत कुछ सालों में आर्थिक आजादी की तरफ ले जा सकती है।

### निवेश पहले से कहीं ज्यादा आसान

आज के दौर में निवेश पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है. म्यूचुअल फंड एसआईपी ने आम आदमी को भी निवेश की ताकत दे दी है. अब निवेश के लिए बड़े चेक या लंबी प्रक्रिया की जरूरत नहीं. आप हर दिन 200 रुपए भी जमा करते हैं तो महीने में 6000 रुपए म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं। इसका फायदा यह है कि आपको निवेश का दबाव महसूस नहीं होता। पैसे धीरे-धीरे कटते रहते हैं और आपको पता भी नहीं चलता कि कब एक अच्छा-खासा फंड तैयार हो गया.

### रोज 200 रुपये से 25 लाख कैसे

अब सवाल आता है कि आखिर रोज की इतनी छोटी बचत से 25 लाख रुपये कैसे बन सकते हैं. अगर आप रोज 200 रुपये निवेश करते हैं, तो महीने में लगभग 6,000 रुपये और साल में करीब 72,000 रुपये का निवेश हो जाता है। अगर आप यह निवेश लगातार 14 साल तक करते हैं और औसतन 12 प्रतिशत सालाना रिटर्न मिलता है, तो आपकी कुल जमा रकम करीब 10 लाख रुपये होगी, लेकिन कंपाउंडिंग की वजह से आपके पैसे पर पैसा बनता रहेगा और रिटर्न के रूप में लगभग 15–16 लाख रुपये जुड़ सकते हैं। इस तरह अंत में आपका फंड करीब 25 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

### मिडिल क्लास के लिए कितनी फायदेमंद

एसआईपी मिडिल क्लास परिवारों के लिए इसलिए खास है क्योंकि यह उनकी जीवनशैली में आसानी से फिट हो जाती है। लंबी अवधि के लिए निवेश करने से बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो जाता है। जब बाजार ऊपर होता है, तो कम यूनिट मिलती हैं और जब बाजार नीचे होता है, तो ज्यादा यूनिट मिल जाती हैं।

### निवेश को समय देना है जरूरी

यह समझना बहुत जरूरी है कि म्यूचुअल फंड कोई रातों रात अमीर बनने की स्कीम नहीं है। इसमें समय देना पड़ता है. बीच में बाजार गिर सकता है, लेकिन अगर आप घबराकर निवेश बंद नहीं करते और धैर्य बनाए रखते हैं, तो लंबे समय में इसका फायदा जरूर मिलता है। जैसे-जैसे आपकी आमदनी बढ़े, वैसे-वैसे एसआईपी की रकम बढ़ाना भी एक समझदारी भरा कदम हो सकता है। इससे आपका फंड और तेजी से बढ़ेगा।

---



## लगातार कुलांचे भर रही है चांदी की कीमतें, आगे क्या रहेगा चांदी का रुख, क्या इसमें निवेश करना सही

# चांदी भर रही निवेशकों की झोली, संभलकर करें निवेश

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- चांदी की कीमत इस समय करीब 3,48,647 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।
- पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

**चांदी के भाव में गिरावट को लंबी अवधि के पोर्टफोलियो के लिए खरीदारी का मौका समझना चाहिए। केंद्रीय बैंकों द्वारा चांदी की खरीद, मौद्रिक नीति में नरमी और चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग जैसे कारणों से सोना और चांदी निवेशकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। वहीं, टाटा म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के महीनों में रिकॉर्ड उछाल के बाद चांदी में अभी भी काफी उतार-चढ़ाव के साथ मजबूती बनी रह सकती है। इसकी वजह मजबूत मांग का अनुमान और सप्लाई में कमी या स्टॉक की कमी है, जो मौजूदा ट्रेंड को बढ़ावा दे रहे हैं।**

पिछले कुछ समय से चांदी निवेशकों की पहली पसंद बनती जा रही है। जिस रफ्तार से चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं, उसने न सिर्फ बाजार को चौंकाया है, बल्कि निवेशकों के मन में यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या यह तेजी टिकाऊ है या फिर जल्द ही इसमें मुनाफावसूली का दौर शुरू होगा। हालिया आंकड़े बताते हैं कि चांदी ने बेहद कम समय में जबरदस्त उछाल दर्ज किया है, लेकिन हर तेजी के साथ जोखिम भी बढ़ता है। ऐसे में चांदी में निवेश से पहले ठहरकर सोचने की जरूरत है। बीते कारोबारी सत्रों पर नजर डालें तो चांदी की कीमतें थोड़े से उतार चढ़ाव के बाद लगातार कुलाचे भरती दिखाई देती हैं। ताजा भाव के मुताबिक चांदी लगभग 3,48,647 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) के स्तर पर पहुंच गई है। यानी महज तीन से चार कारोबारी दिनों में ही चांदी की कीमतों में 35 हजार रुपये से ज्यादा की उछाल देखने को मिला है। यह तेजी सामान्य नहीं कही जा सकती और इसी वजह से बाजार में चांदी को लेकर उत्साह के साथ-साथ सतर्कता भी बढ़ गई है।

### चांदी में क्यों आई है इतनी तेज़ी

चांदी की मौजूदा तेजी के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। दुनिया के कई हिस्सों में मंदी की आशंका, भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर की चाल ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर मोड़ा है। पारंपरिक रूप से सोने के साथ-साथ चांदी भी सुरक्षित निवेश मानी जाती है, लेकिन चांदी की एक खासियत यह है कि इसका औद्योगिक उपयोग भी बड़े पैमाने पर होता है। इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रीन एनर्जी और क्लीन टेक्नोलॉजी पर वैश्विक फोकस ने चांदी की औद्योगिक मांग को और मजबूत किया है। जब निवेश और उद्योग दोनों तरफ से मांग बढ़ती है, तो कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सप्लाई की सीमाएं भी चांदी की कीमतों को सहारा दे रही हैं। खनन लागत बढ़ना, नई खदानों की कमी और उत्पादन में सुस्ती ने सप्लाई-साइड दबाव पैदा किया है। इसका असर भारतीय बाजार में भी साफ दिखाई दे रहा है।



### निवेशकों को क्यों हो रहा है बड़ा फायदा

चांदी की तेजी ने खासतौर पर उन निवेशकों को मालामाल किया है जिन्होंने इसमें समय रहते निवेश किया था। बीते एक साल में चांदी आधारित ईटीएफ ने असाधारण रिटर्न दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, एक साल में सिल्वर ईटीएफ ने 200% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। खासतौर पर यूटीआई सिल्वर ईटीएफ ने पिछले एक साल में करीब 206% का रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। ईटीएफ के जरिए निवेश करने वालों को न सिर्फ कीमतों में तेजी का फायदा मिला, बल्कि उन्हें भौतिक चांदी रखने की झंझट से भी मुक्ति मिली। यही वजह है कि हाल के महीनों में सिल्वर ईटीएफ में निवेश तेजी से बढ़ा है। छोटे निवेशकों से लेकर बड़े संस्थागत निवेशक तक, सभी की दिलचस्पी चांदी में बढ़ी है।

### क्या आगे भी जारी रहेगी चांदी की तेजी

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या चांदी की यह रैली आगे भी जारी रहेगी या अब इसमें ब्रेक लगेगा। विशेषज्ञों की मानें तो लंबी अवधि में चांदी के फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं। औद्योगिक मांग, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन और वैश्विक अनिश्चितता जैसे कारक चांदी को सपोर्ट कर सकते हैं। हालांकि, अल्पकाल में इतनी तेज तेजी के बाद करेक्शन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह से पिछले तीन दिनों में ही 35 हजार रुपये से ज्यादा का उछाल आया है, उससे साफ है कि बाजार कुछ हद तक ओवरबॉट जोन में पहुंच सकता है। अगर वैश्विक संकेत बदले, डॉलर मजबूत हुआ या मुनाफावसूली शुरू हुई, तो चांदी की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### निवेश से पहले किन बातों का रखें ध्यान

चांदी में निवेश करते समय सिर्फ रिटर्न देखकर फैसला करना समझदारी नहीं होगी। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि चांदी सोने की तुलना में कहीं ज्यादा अस्थिर (वोलेटाइल) होती है। इसमें तेजी जितनी तेज होती है, गिरावट भी उतनी ही तीखी हो सकती है। अगर आप नए निवेशक हैं, तो एकमुश्त बड़ी रकम लगाने से बचें। चरणबद्ध तरीके से निवेश करना बेहतर रहेगा। लॉन्ग टर्म निवेशक के तौर पर चांदी को पोर्टफोलियो में एक सीमित हिस्से के रूप में ही रखें। विशेषज्ञ आमतौर पर कुल निवेश का 5–10% से ज्यादा हिस्सा चांदी या अन्य कमोडिटी में न लगाने की सलाह देते हैं। इसके अलावा, निवेश का माध्यम भी सोच-समझकर चुनें। भौतिक चांदी, सिल्वर ईटीएफ, फ्यूचर्स या डिजिटल सिल्वर—हर विकल्प के अपने फायदे और जोखिम हैं।

### मुनाफा है, लेकिन सावधानी ज़रूरी

इसमें कोई शक नहीं कि मौजूदा दौर में चांदी ने निवेशकों की झोली भर दी है। कीमतों की तेज रफ्तार और ईटीएफ के शानदार रिटर्न ने इसे चर्चा के केंद्र में ला दिया है। लेकिन बाजार का इतिहास गवाह है कि हर तेज रैली के बाद ठहराव या गिरावट भी आती है। इसलिए चांदी में निवेश करते समय उत्साह के साथ विवेक भी जरूरी है। लंबी अवधि के नजरिये से, सीमित हिस्सेदारी और सही रणनीति के साथ किया गया निवेश फायदेमंद हो सकता है। लेकिन जल्द अमीर बनने की उम्मीद में बिना जोखिम समझे किया गया निवेश भारी नुकसान भी करा सकता है। चांदी चमक जरूर रही है, लेकिन इस चमक के पीछे छिपे जोखिमों को नजरअंदाज करना निवेशकों के लिए महंगा साबित हो सकता है।

---

## योजना बनाकर संयमित तरीके से करना होगा निवेश, भारत में अभी तक कॉपर ईटीएफ या कॉपर म्यूचुअल फंड उपलब्ध नहीं

# सोना-चांदी के बाद 'कॉपर' भी बन रहा अगला बड़ा निवेश विकल्प

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*“गोल्ड और सिल्वर की चमक के बीच बेस मेटल कॉपर को निवेशकों ने काफी समय तक नजरअंदाज किया, लेकिन अब इसमें भी तेज उछाल दिख रहा है। लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) के आंकड़ों के अनुसार, कॉपर मार्च 2022 के बाद के अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। भारत में भी कॉपर फ्यूचर्स ने बीते एक साल में लगभग 36% की तेजी दिखाई है, जिससे यह सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली कमोडिटीज में से एक बन गया है।*

पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों ने देखा है कि कैसे सोना और चांदी ने अनिश्चित बाजार हालात में बेहतर रिटर्न देकर खुद को सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में स्थापित किया। अब इसी कड़ी में एक और कमोडिटी निवेशकों के रडार पर तेजी से उभर रही है वह है कॉपर (तांबा)। शेयर बाजार की मौजूदा सुस्ती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का रुझान एक बार फिर कमोडिटी निवेश की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कॉपर अगला बड़ा दांव बन सकता है और क्या रिटेल निवेशक भी इससे मोटी कमाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए योजना बनाकर संयमित तरीके से निवेश करना होगा। तभी कॉपर में निवेश कर अच्छा रिटर्न पाया जा सकता है। सोना और चांदी के बाद अब निवेशकों की नजर कॉपर (तांबा) पर टिकने लगी है। पिछले एक साल में गोल्ड और सिल्वर ने रिकॉर्ड रिटर्न दिए हैं।

### इसलिए बढ़ रहा कॉपर की ओर निवेशकों का झुकाव

कॉपर को अक्सर डॉ. कॉपर कहा जाता है, क्योंकि इसकी मांग वैश्विक आर्थिक गतिविधियों का संकेत देती है। जैसे-जैसे इंडस्ट्री, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सेक्टर में गतिविधियां बढ़ती हैं, कॉपर की खपत भी उसी अनुपात में बढ़ती है। मौजूदा समय में कई ऐसे स्ट्रक्चरल ट्रेंड्स हैं जो कॉपर की कीमतों को लंबी अवधि में मजबूती दे सकते हैं। सबसे बड़ा कारण है ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) सेक्टर का विस्तार। एक इलेक्ट्रिक कार में पारंपरिक पेट्रोल-डीजल कार की तुलना में लगभग तीन से चार गुना ज्यादा कॉपर इस्तेमाल होता है। बैटरी, मोटर, चार्जिंग सिस्टम और वायरिंग हर जगह कॉपर की अहम भूमिका है। दुनिया भर में ईवी को बढ़ावा देने के लिए सरकारें नीतियां बना रही हैं, जिससे आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग लगातार बढ़ने की उम्मीद है। दूसरा अहम कारण है डेटा सेंटर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार। क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 5जी जैसी तकनीकों के कारण बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर्स बनाए जा रहे हैं। इन डेटा सेंटर्स में बिजली की खपत और केबलिंग के लिए भारी मात्रा में कॉपर की जरूरत होती है। इसके अलावा डिफेंस और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर भी कॉपर की मांग को मजबूत कर रहे हैं। सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और इलेक्ट्रिक ग्रिड के आधुनिकीकरण में कॉपर एक प्रमुख कच्चा माल है। वैश्विक स्तर पर ग्रीन एनर्जी पर जोर के चलते यह मांग लंबे समय तक बनी रह सकती है।




### सप्लाई की चुनौती: कीमतों को सहारा

कॉपर की तेजी के पीछे सिर्फ मांग ही नहीं, बल्कि सप्लाई से जुड़ी समस्याएं भी बड़ा कारण हैं। दुनिया की कई प्रमुख कॉपर माइंस पुराने चरण में पहुंच चुकी हैं, जहां उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं है। नई माइंस विकसित करने में पर्यावरणीय नियम, लंबी मंजूरी प्रक्रिया और भारी लागत बड़ी बाधा बन रहे हैं। इसके अलावा कुछ प्रमुख उत्पादक देशों में राजनीतिक और श्रम संबंधी अनिश्चितताएं भी सप्लाई को प्रभावित करती हैं। सीमित सप्लाई और बढ़ती मांग का यह असंतुलन कॉपर की कीमतों को लंबी अवधि में मजबूती दे सकता है।

### भारत में निवेश के विकल्प क्या हैं

फिलहाल भारत में कॉपर ईटीएफ या कॉपर आधारित म्यूचुअल फंड उपलब्ध नहीं हैं, जो रिटेल निवेशकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। हालांकि, इसके बावजूद निवेश के कुछ रास्ते मौजूद हैं। पहला विकल्प है कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के जरिए कॉपर फ्यूचर्स में निवेश, लेकिन यह विकल्प केवल उन्हीं निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें कमोडिटी बाजार की अच्छी समझ हो, क्योंकि इसमें वोलैटिलिटी और लीवरेज का जोखिम ज्यादा होता है। दूसरा विकल्प है कॉपर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश। भारत और विदेशों में कई ऐसी माइनिंग, मेटल और केबल निर्माण कंपनियां हैं, जिनका बिजनेस सीधे तौर पर कॉपर की कीमतों से जुड़ा है। हालांकि, इसमें कंपनी-विशेष के जोखिम भी जुड़े होते हैं। तीसरा रास्ता है डायवर्सिफाइड कमोडिटी या इंटरनेशनल फंड्स, जो अप्रत्यक्ष रूप से बेस मेटल्स या ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में निवेश करते हैं। हालांकि, इनमें कॉपर का एक्सपोजर सीमित हो सकता है। कॉपर में निवेश को लेकर उत्साह के साथ-साथ संयम भी जरूरी है। यह एक साइकलिकल कमोडिटी है, जिसकी कीमतें वैश्विक आर्थिक हालात से तेजी से प्रभावित होती हैं। इसलिए निवेशकों को चाहिए कि वे इसे पोर्टफोलियो का छोटा हिस्सा बनाएं, न कि पूरा दांव इसी पर लगा दें। चरणबद्ध निवेश, लंबी अवधि का नजरिया और जोखिम प्रबंधन बेहद जरूरी है।

---



# 5 लाख को 5 साल के लिए ऐसे करें निवेश

बिजनेस डेस्क

अक्सर हम अपनी मेहनत की कमाई का कुछ हिस्सा बचाकर रख लेते हैं। मान लीजिए, आपके पास इस वक्त 5 लाख रुपये पड़े हैं और आपने मन बना लिया है कि अगले 5 साल तक आप इन पैसों को हाथ नहीं लगाएंगे। अब आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती यह आती है कि इस पैसे को ऐसी कौन सी जगह निवेश करें, जहां से यह 5 साल बाद एक भारी-भरकम रकम बनकर वापस आए।

### निवेश के ये आसान तरीके

बाजार में निवेश के बहुत से रास्ते हैं, लेकिन जब बात सुरक्षा और अच्छे मुनाफे के तालमेल की आती है, तो तीन नाम सबसे पहले जेहन में आते हैं। पहला है सरकारी सुरक्षा वाला एनएससी, दूसरा है बरसों पुराना भरोसा यानी एफडी और तीसरा है आज के दौर का सुपरहिट विकल्प यानी म्यूचुअल फंड लंपसम। समझते हैं कि आपके एक लाख रुपए इन तीनों रास्तों पर चलकर 5 साल में कहां तक पहुंचेंगे। अगर आप ऐसे शख्स हैं जिन्हें रात को सुकून की नींद चाहिए और आप अपने पैसे के साथ रत्ती भर भी रिस्क नहीं लेना चाहते, तो नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट यानी एनएससी आपके लिए सबसे मजबूत किला है।

### कंपाउंड ब्याज देगा बड़ा मुनाफा

आज के समय में एनएससी पर करीब 7.7 प्रतिशत का सालाना कंपाउंड ब्याज मिल रहा है। इसका गणित बहुत सीधा है। अगर आप आज 5 लाख रुपये एनएससी में जमा करते हैं, तो 5 साल का समय पूरा होने पर आपके हाथ में लगभग 7.24 लाख रुपये होंगे, लेकिन इसकी असली खूबी सिर्फ ब्याज नहीं है। एनएससी में निवेश करने पर आपको इनकम टैक्स की धारा 80सी के तहत छूट भी मिलती

### फिक्स्ड डिपॉजिट

देश में आज भी निवेश का मतलब एफडी ही समझा जाता है। अगर आप पोस्ट ऑफिस में 5 साल के लिए एफडी करवाते हैं, तो फिलहाल वहां करीब 7.5 प्रतिशत का ब्याज ऑफर किया जा रहा है। वहीं, बैंकों की बात करें, तो यह आंकड़ा थोड़ा कम यानी 6 से 6.5 प्रतिशत के बीच रहता है। चलिए, पोस्ट ऑफिस वाली ऊंची दर को पकड़कर हिसाब लगाते हैं। अगर आप 5 लाख रुपये यहां 5 साल के लिए लॉक कर देते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको करीब 7.26 लाख रुपये मिल सकते हैं। एफडी से मिलने वाला ब्याज टैक्सेबल होता है, यानी आपकी कमाई पर टैक्स की कैंची चल सकती है. साथ ही, महंगाई को देखते हुए इसका असली मुनाफा थोड़ा कम महसूस हो सकता है. फिर भी, इसकी सरलता और लिक्विडिटी इसे आज भी लोकप्रिय बनाए हुए है.

### म्यूचुअल फंड लंपसम

अब बात करते हैं उस विकल्प की, जिसने पिछले कुछ सालों में निवेशकों को सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। यह है म्यूचुअल फंड में लंपसम निवेश। लंपसम का मतलब है कि आपने अपनी पूरी रकम एक ही बार में किसी फंड में डाल दी। अगर आप थोड़ा सा जोखिम उठाने का जिगरा रखते हैं, तो इक्विटी म्यूचुअल फंड आपको मालामाल कर सकता है।

---

**यह निवेश करने का आसान और सबसे लोकप्रिय तरीका, छोटी-छोटी गलतियां करवा सकती हैं करोड़ों रुपये का नुकसान**

# संयम और प्लानिंग के साथ शुरू करें एसआईपी

**एसआईपी शुरू या बंद करने से पहले जान लें कुछ अहम बातें, वरना हो सकता है नुकसान!**

सलाह | बिजनेस डेस्क

आज के समय में एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) निवेश का सबसे आसान और लोकप्रिय तरीका बन चुका है। नौकरीपेशा लोग हों या छोटे व्यापारी, हर कोई महीने की थोड़ी-सी बचत से बड़ा फंड बनाने का सपना देखता है। लेकिन यह समझना बेहद जरूरी है कि एसआईपी जितना आसान दिखता है, उतना ही जोखिम भरा भी हो सकता है, अगर इसे सही समझ और योजना के बिना शुरू या बंद किया जाए। छोटी-छोटी गलतियां लंबे समय में लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये तक का नुकसान करवा सकती हैं। एसआईपी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें एकमुश्त बड़ी रकम लगाने की जरूरत नहीं होती। हर महीने तय राशि अपने आप म्यूचुअल फंड में निवेश हो जाती है। बाजार गिरता है तो उसी रकम में ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं और बाजार चढ़ता है तो निवेश की वैल्यू बढ़ती है। इसी वजह से इसे आम निवेशकों के लिए आदर्श माना जाता है। लेकिन कई लोग इसे जोखिम-मुक्त मान लेते हैं, जो सबसे बड़ी भूल है।

## एसआईपी जोखिम-मुक्त नहीं, लंबे समय तक टिके रहने में ही फायदा मिलता

### तार-चढ़ाव तय

एसआईपी पूरी तरह बाजार से जुड़ा होता है, इसलिए इसमें उतार-चढ़ाव तय है। दिसंबर 2025 में ही निवेशकों ने रिकॉर्ड 31,002 करोड़ रुपये एसआईपी में डाले। लेकिन अक्सर लोग बिना पूरी जानकारी के एसआईपी शुरू कर देते हैं या बीच में रोक देते हैं। आइए जानते हैं वो अहम बातें जो हर निवेशक को समझनी चाहिए

### लंबे समय तक टिके रहने में लाभ

सबसे अहम बात यह है कि एसआईपी का असली फायदा लंबे समय तक टिके रहने में ही मिलता है। बहुत से निवेशक बाजार गिरते ही घबरा जाते हैं और एसआईपी बंद कर देते हैं। यही वह समय होता है जब निवेश जारी रखना चाहिए, क्योंकि गिरावट के दौरान खरीदी गई यूनिट्स भविष्य में बाजार सुधरने पर बड़ा रिटर्न देती हैं। बीच में एसआईपी रोक देना या पूरी तरह बंद कर देना कंपाउंडिंग के असर को तोड़ देता है, जिससे संभावित रिटर्न काफी कम हो जाता है।

### बिना लक्ष्य निवेश शुरू न करें

एक और आम गलती है बिना लक्ष्य तय किए निवेश शुरू करना। यह जानना जरूरी है कि आप किस उद्देश्य के लिए पैसा लगा रहे हैं—बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदना, शादी या रिटायरमेंट। लक्ष्य के अनुसार फंड का चुनाव और निवेश की अवधि तय की जानी चाहिए। इसके अलावा, अपनी आय और खर्चों का सही आकलन किए बिना बड़ी रकम की एसआईपी शुरू करना भी जोखिम भरा हो सकता है। अगर मासिक बजट बिगड़ता है तो मजबूरी में एसआईपी बंद करनी पड़ सकती है। इमरजेंसी फंड की कमी भी निवेशकों को नुकसान की ओर ले जाती है। अचानक मेडिकल या अन्य जरूरी खर्च आने पर लोग एसआईपी तोड़ देते हैं, जिससे न सिर्फ रिटर्न कम होता है बल्कि टैक्स का बोझ भी बढ़ सकता है। इसलिए एसआईपी शुरू करने से पहले कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड बनाना बेहद जरूरी है।

### निवेश का बेहतरीन जरिया

एसआईपी निवेश का बेहतरीन जरिया है, लेकिन इसे जोखिम-मुक्त समझना भारी पड़ सकता है। सही जानकारी, स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और धैर्य के साथ किया गया निवेश ही लंबे समय में बड़ा फंड बना सकता है। याद रखें, एसआईपी शुरू या बंद करने से पहले लिया गया हर फैसला आपके भविष्य की आर्थिक स्थिति तय करता है।

### एसआईपी जोखिम-मुक्त नहीं है

बहुतों को लगता है कि एसआईपी से जोखिम कम हो जाता है। हकीकत ये है कि एसआईपी सिर्फ निवेश का तरीका है, यह फंड की प्रकृति नहीं बदलता। अगर फंड इक्विटी या डेट मार्केट में है, तो उतार-चढ़ाव का असर एसआईपी पर भी पड़ेगा। सही फंड चुनना और अपने लक्ष्य व जोखिम क्षमता को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है। कम राशि से शुरुआत और लचीलापन एसआईपी की सबसे बड़ी खूबी है कि आप सिर्फ 500 रुपये से भी शुरुआत कर सकते हैं। अगर कभी आर्थिक दबाव हो तो किस्त रोक सकते हैं या स्किप कर सकते हैं। यही वजह है कि ये नए निवेशकों और अस्थिर आय वालों के लिए भी उपयुक्त है।

### किस्तें मिस करना महंगा

किस्तें मिस करना महंगा पड़ सकता है
अगर आप हर साल सिर्फ एक एसआईपी छोड़ दें, तो 20 साल में करोड़ों का नुकसान हो सकता है।
उदाहरण: 20,000 मासिक एसआईपी 20 साल में 2 करोड़ बन सकती है, लेकिन हर साल एक किस्त छोड़ने से लगभग 40 लाख कम हो जाएंगे।

### मार्केट टाइमिंग की जरूरत नहीं

बाज़ार कब ऊपर जाएगा या नीचे आएगा, ये कोई नहीं बता सकता। एसआईपी का फायदा यही है कि यह अलग-अलग स्तरों पर निवेश फैलाकर जोखिम कम करता है। जो निवेशक मंदी में भी एसआईपी जारी रखते हैं, उन्हें लंबे समय में बेहतर रिटर्न मिलता है।

### एसआईपी बढ़ाना देता है दोगुना फायदा

अगर आप हर साल एसआईपी राशि 10% बढ़ाते हैं, तो नतीजे चौंकाने वाले होते हैं। उदाहरण: 5,000 रुपये मासिक एसआईपी 20 साल में 50 लाख बन सकती है, लेकिन हर साल 10% बढ़ाने पर वही एसआईपी लगभग 1 करोड़ एसआईपी तक पहुंच सकती है। एसआईपी कोई जादू नहीं, बल्कि अनुशासन और धैर्य का खेल है। जल्दी शुरू करें, लंबे समय तक टिके रहें, किस्तें मिस न करें और धीरे-धीरे राशि बढ़ाते रहें। तभी एसआईपी आपके लिए असली वेल्थ क्रिएटर साबित होगी।



गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

परेड कमांडर के नेतृत्व में 8 परेड टुकड़ियों ने किया मार्च पास्ट

# फुल ड्रेस रिहर्सल में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

## मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा समारोह में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

- मंजूलता के नेतृत्व में महिला पुलिस टुकड़ी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल में गणतंत्र दिवस के दिन होने वाले सभी कार्यक्रमों का रियल टाइम अभ्यास किया गया। परेड, मार्च पास्ट, सलामी, झांकियों की समय-सीमा और मंचीय व्यवस्थाओं को वास्तविक कार्यक्रम की तरह दोहराया गया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने ध्वजारोहण करने के उपरांत परेड कमांडर आईपीएस रविंद्र कुमार के साथ खुली जीप में सवार होकर परेड टुकड़ियों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत परेड कमांडर के नेतृत्व में सभी 8 परेड टुकड़ियों ने मुख्य मंच से गुजरते हुए भव्य मार्च पास्ट निकाला, जिसकी उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सलामी ली। उन्होंने अनुशासन, तालमेल और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। रिहर्सल के दौरान मैदान में सुरक्षा, यातायात और आपात व्यवस्था का भी परीक्षण किया गया, ताकि मुख्य समारोह के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। मार्च पास्ट में एसआई मंजूलता के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस महिला टुकड़ी, पीएसआई गौरव छौक्कर के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी, एसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में होमगार्ड की टुकड़ी, अंडर ऑफिसर युविका फोगाट के नेतृत्व में एनसीसी गर्ल्स, अंडर ऑफिसर हिमांशु के नेतृत्व में एनसीसी ब्वॉयज, यशवी के नेतृत्व में स्काउट एंड गाइड गर्ल्स, आयुष आर्य के नेतृत्व में स्काउट एंड गाइड ब्वॉयज तथा आशिफ के नेतृत्व में जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के बैंड की टुकड़ी शामिल हुई। अंतिम पूर्वाभ्यास समारोह में 22 विद्यालयों के 1700 विद्यार्थियों ने सामूहिक शारीरिक अभ्यास का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवीं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



## 20 से अधिक स्थानों पर नाकाबंदी स्वाट टीम व पीसीआर अलर्ट

**रोहतक।** गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक और कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले भर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से करीब 20 संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर विशेष नाकाबंदी की गई है। यह नाकाबंदी रविवार शाम से शुरू होकर गणतंत्र दिवस के सभी कार्यक्रमों के समापन तक जारी रहेगी।

### उपमंडल स्तर पर भी 26 जनवरी को आयोजित होंगे समारोह

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला स्तरीय समारोह के अलावा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सांपला व महम में उपमंडल स्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे। महम में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण करेंगे। सांपला में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, महम चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मकुंद तंवर, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया व सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र मौजूद रहे।

### पुलिस की अपील : सतर्क रहें, सहयोग करें



एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति को न छुएं। ऐसी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत डायल 112 या 01262-228113 पर सूचना दें। पुलिस ने नागरिकों से नाकाबंदी और जांच के दौरान सहयोग करने की भी अपील की है।

### जिला व मंडल स्तर पर समारोह, सुरक्षा चाक-चौबंद

जिले में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6 में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा मंडल स्तर पर सांपला और महम में भी गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। इन सभी स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### पुलिस आधुनिक उपकरणों से लैस

सभी नाकाबंदी बिंदुओं पर पुलिस जवान हथियारों, वॉकी-टॉकी सेट और अन्य आधुनिक उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। प्रत्येक नाके पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की जाएगी। जिले में तैनात सभी पीसीआर और राइडर यूनिट्स को लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### पार्किंग और आमजन के लिए दिशा-निर्देश

आमजन के वाहनों की पार्किंग फुटबॉल ग्राउंड के पास निर्धारित की गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें।

### राजीव गांधी स्टेडियम में प्रवेश व्यवस्था तय

जिला स्तरीय समारोह को लेकर राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एथेलेटिक्स ग्राउंड का गेट नंबर-3 केवल वीआईपी और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए आरक्षित रहेगा। गेट नंबर-1 से प्रतिभागी प्रवेश करेंगे, जबकि आमजन के लिए गेट नंबर-2 और 4 निर्धारित किए गए हैं। ग्राउंड में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन जांच की जाएगी।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में बिखरी 77वें गणतंत्र दिवस की सतरंगी आभा



**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में 24 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की सहभागिता से आयोजित विशेष प्रार्थना सभा ने पूरे विद्यालय परिसर को देशप्रेम के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट और ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद मां भारती की वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका पूनम भाटिया के मार्गदर्शन में कुश, यशवर्धन, मन्नत और समर हुड्डा ने किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति विषय पर आधारित मनमोहक नृत्य, भावपूर्ण गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत कर वीर शहीदों को नमन किया।

## धामड़ में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**रोहतक।** न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल, धामड़ में गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सरला हुड्डा एवं विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र हुड्डा द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के माध्यम से देश के प्रति सम्मान और समर्पण व्यक्त किया गया। प्रधानाचार्या सरला हुड्डा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने, अनुशासन अपनाने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## हुड्डा परिवार जवाब दे, 2019 में आनंद दांगी को क्यों हरवाया : मनीष ग्रोवर



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व सहकारिता एवं शहरी निकाय राज्य मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर अपने बयानों को लेकर इन दिनों चर्चाओं में हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने बयान दिया था कि मैं हुड्डा के घर पैदा नहीं हुआ इसलिए मुझे जाटों ने अपनाया नहीं। अब उन्होंने बयान दिया है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा को लोगों को बताना चाहिए कि रोहतक के मेला ग्राउंड में हुई रैली के दौरान आनंद सिंह दांगी द्वारा कांग्रेस नहीं छोड़ने के बयान के बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दांगी को हरवाने का काम क्यों किया था। ग्रोवर शनिवार को विजय नगर बाग वाली गली में क्षेत्र के लोगों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, कार्यक्रम आयोजन अतर सिंह राठी, हितेश अहलावत, मनीष डबास, जयपाल सुहाग, जितेंद्र रोहिल्ला सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पार्षद बिजेंद्र बैरागी और पार्षद प्रवीण कौशिक के साथ मिलकर पूर्व मंत्री का सम्मान किया। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि प्रदेश के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि जब बंसीलाल मुख्यमंत्री थे, उस वक्त पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल को रोहतक लोकसभा से हराने के लिए किस तरह षड्यंत्र रचा गया था और भूपेंद्र हुड्डा को सांसद बनाया गया था।

## इनेलो की बढ़ती लोकप्रियता के चलते रचे जा रहे षड्यंत्र : राकेश


**रोहतक।** इनेलो के शहरी जिला अध्यक्ष राकेश सहगल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस व भाजपा की आपस में मिलीभगत जगजाहिर हो चुकी है और इनेलो की बढ़ती लोकप्रियता के चलते दोनो पार्टियां पूरी तरह से बौखला गई है और तरह तरह के षडयंत्र रचने में लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूरी तरह से भाजपा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है और अब झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन प्रदेश जनता अब कांग्रेस व भाजपा के बहकावे में नहीं आएगी। शनिवार को शहरी जिला प्रधान राकेश सहगल पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा सिर्फ झूठ बोलने में माहिर है और जनता से कोई लेना देना नहीं है। आज मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है। दस साल पहले कांग्रेस ने प्रदेश में जमकर भ्रष्टाचार किया और अब भाजपा भी कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही है।

## केसीएल में रोहतक रॉयल्स का करनाल किंग्स के साथ मैच आज

**रोहतक।** एड्रॉयट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली रोहतक रॉयल्स जो रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी है, कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) के उद्घाटन सत्र में अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा की शुरुआत करने जा रही है। रोहतक रॉयल्स का पहला मुकाबला रविवार को शाम 8:00 बजे करनाल किंग्स के साथ है। यह प्रतियोगिता 25 जनवरी से 7 फरवरी तक सोनीपत में आयोजित की जाएगी। उद्घाटन सत्र में रोहतक रॉयल्स की अगुवाई अर्जुन पुरस्कार विजेता और भारतीय कबड्डी के दिग्गज संदीप नरवाल करेंगे। हेड कोच सुरेंद्र नाडा ने टीम की तैयारी और आत्मविश्वास पर जोर देते हुए कहा लड़कों ने अच्छी ट्रेनिंग की है और कैंप का माहौल बेहद सकारात्मक रहा है।

## मनीषा ने नेहा सांगवान को 7-6 से हराया

प्रो रेसलिंग लीग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रो रेसलिंग लीग में रोहतक की मनीषा भानवाला ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें मनीषा ने महाराष्ट्र केसरी की ओर से खेलते हुए मनीषा ने हरियाणा की पहलवान नेहा सांगवान को 7-6 से हराया। यह प्रतियोगिता नोएडा में आयोजित की जा रही है। मनीषा को महाराष्ट्र ने 25 लाख रुपये में खरीदा था। मनीषा जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। कोच ने विजेता पहलवान को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मनीषा जिले के सनसिटी की निवासी है। इससे पहले मनीषा ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स की पहलवान कार्ला गोडिनेज को 6-0 से हराया था।

**मनीषा भानवाला की उपलब्धियां**

जुलाई 2025 में हुई चौथी रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता। मार्च में हुई एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। 2016 साउथ एशियन में स्वर्ण पदक, 2017 कॉमनवेल्थ गेम में कांस्य, 2022 वर्ल्ड रैंकिंग में स्वर्ण और 2023 वर्ल्ड रैंकिंग में कांस्य पदक जीता। 2025 में एशियन चैंपियनशिप में चैंपियन बनी हैं।

## हरियाणा एडवोकेट प्रीमियर लीग का फाइनल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एडवोकेट्स क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हरियाणा एडवोकेट प्रीमियर लीग (एचएपीएल) अपने अंतिम और सबसे रोमांचक पड़ाव पर पहुंच गई है। एलपीएस बोर्ड के सहयोग से आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को राका और सोनीपत की टीमों के बीच खेला जाएगा। फाइनल को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में सोनीपत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जींद की टीम को 36 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

## महम में दुकानदार से 30 हजार की साइबर ठगी

**महम।** कस्बा महम में एक दुकानदार साइबर ठगी का शिकार हो गया। इस संबंध में उसने महम थाना में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुमित पुत्र सुरेंद्र ने बताया वह महम के वार्ड 6 का निवासी है। उसकी महम के बाजार में कपड़े की दुकान है। गत दिवस उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। सामने वाले ने बोला कि वह उसके बैंक खाते में पैसे डाल देता है। उसने सोचा कि उसका कोई जानकार बोल रहा है। उसके पास एक फर्जी मैसेज आया, जिसमें 25 हजार रुपए का मैसेज था। उसने उसको बातों में उलझाकर और बार कोड भेजकर 30 हजार रुपए अपने खाते में डलवा लिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता : पुरुष में यूटीडी एमडीयू एवं महिला वर्ग में एमकेजेके प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, में आयोजित अंतर-महाविद्यालय राज्यस्तरीय महिला एवं पुरुष वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। समापन दिवस पर खेले गए दोनों फाइनल मुकाबले अत्यंत संघर्षपूर्ण रहे और दर्शकों को अंत तक रोमांच से बांधे रखा। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में यूटीडी एमडीयू, रोहतक और मेजबान पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। बेहद रोमांचक मुकाबले में यूटीडी की टीम ने मात्र दो अंकों के अंतर से 65–63 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में एमकेजेके कॉलेज रोहतक की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की टीम को 45–39 के अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला अंतिम मिनट तक बराबरी का रहा।

## किशोरी कॉलेज ने जीती इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शनिवार को दो दिवसीय इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें महारानी किशोरी कॉलेज ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय ने दूसरा व हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को होना था, लेकिन शुक्रवार को बारिश के कारण मैदान गिला होने के कारण खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल छात्राओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को उच्च स्तर के खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। कोच मनोज ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ममता मलिक ने अध्यापकगण व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों को नमन करते हुए विद्यालय के निर्देशक व प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान की गूंज से संपूर्ण विद्यालय परिसर देशप्रेम से ओतप्रोत हो उठा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक सुरेंद्र मलिक, उप-प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हड्डियों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर

DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

स्पर्धा | प्रिया, गीता व ऋतु यादव ने टीम इवेंट में जीता रजत पदक

18 से 23 जनवरी तक हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

## दूसरे ताइक्वांडो फेडरेशन कप में तीन बहनों ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। खिलाड़ी प्रिया, गीता व ऋतु यादव। फोटो : हरिभूमि

दूसरे ताइक्वांडो फेडरेशन कप में तीन बहन प्रिया, गीता व ऋतु यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम इवेंट में रजत पदक जीता है।यह प्रतियोगिता 18 से 23 जनवरी तक राजस्थान जयपुर में आयोजित की गई। इसमें खिलाड़ियों की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। पिता जितेंद्र ने बताया कि बेटीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पदक जीता है। अब तक तीनों ने आठ अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं। तीनों बहनें ताइक्वांडो की एक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रही हैं। पिता का दावा है कि यह विश्व रिकॉर्ड है। लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स व गिनीज बुक ऑफ रिकाड्र्स के लिए आवेदन कर रखा है।

डॉ. कुसुम ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। पिता ने बताया कि प्रिया, गीता और रितु यादव एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स व इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि तीनों ने 2013 में ताइक्वांडो खेलना शुरू किया था। पिता ने बताया कि बेटियों ने चार-पांच साल बहुत संघर्ष किया है। उन्होंने बताया कि तीनों बेटियां जिले के किशोरी कॉलेज की छात्रा है।

### उपलब्धियां...

तीनों बहनों ने 2022 में स्वीडन में आयोजित यूरोपियन कप में एक टीम में खेलते हुए रजत व कांस्य पदक जीता। 2025 में डब्ल्यूटी प्रेसिडेंट कप में तीनों ने कांस्य पदक जीता। 2025 में ऑस्ट्रेलिया ओपन में कांस्य पदक जीता। 2023 में ऑस्ट्रेलिया ओपन में रजत पदक जीता। 2023 में डब्ल्यूटी प्रेसिडेंट कप में स्वर्ण पदक जीता।

### हम तीनों को पिता पर बेहद गर्व

सबसे बड़ी प्रिया ने बताया कि लोगों के ताने सुनकर लगता था कि मानो उन्हें ही हमारा खर्च उठाना पड़ रहा है। दूसरी तरफ पिताजी ने जमीन बेचकर और कर्ज लेकर हमें सब सुविधाएं उपलब्ध कराईं। सामाजिक कुरीतियों के बीच से निकालकर तीन बेटियों को एक साथ अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना हर पिता के लिए संभव नहीं। मेरे पिता को भी खेलने का शौक था, लेकिन वे अपने शौक को आगे नहीं बढ़ा सके। हम तीनों को पिता पर बेहद गर्व है कि उन्होंने हमें योग्य बनाया। हम उन्हें कभी निराश नहीं होने देंगे। पिता ने बताया कि जिन्हें बेटियां पैदा होने पर मलाल होता है वे प्रिया, गीता व रितु की सफलता को देखकर बेटियों को समाज में दर्जा दें।

मार्केट न्यूज

## भिवानी का मुरली स्वीट्स अब रोहतक में लोगों के दिलों में मिठास घोलने के लिए तैयार

**भिवानी।** भिवानी में अपार सफलता के बाद अब रोहतक में लोगों के दिलों में मिठास घोलने के लिए मॉडल टाउन डी पार्क के समीप मुरली स्वीट्स रविवार को अपनी नई शुरूआत करने जा रहा है। इसमें चार मंजिला स्वीट्स शोरूम खोला जा रहा हैं, जिसमें रेस्टोरेंट, पार्टी हॉल अलग से शमिल। इसी क्रम में रविवार सुबह 10 बजे हवन यज्ञ के साथ मुरली स्वीट्स का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें दिनोद राधा स्वामी सत्संग भवन के संत कंवर महाराज शिरकत करेंगे। मुरली स्वीट्स के संचालक मुकेश तायल ने बताया के हमारी दो ब्रांच भिवानी में चल रही हैं,जिसमें लोगों का अपार सहयोग मिला। जिसके बाद हम रोहतक के मॉडल टाउन डी पार्क पर अपनी तिसरी ब्रांच का शुभारंभ रविवार को करेंगे। मुरली स्वीट्स स्वामणी क्षेत्र में बहुत ज्यादा सुप्रसिद्ध हैं। मुरली स्वीट्स अपने सभी मिष्ठान एवं व्यंजनों की गुणवत्ता के लिए एक जाना माना नाम बन चुका है इसके उत्पाद बेहतरीन सामग्री द्वारा बिल्कुल एकदम हटके साफ-सूथरे तरीके से कुशल कारीगरों द्वारा तैयार किए जाते हैं। इसलिए इन्हें सर्वश्रेष्ठ फूड इंडस्ट्रीज का किताब मिल चुका है मुरली आउटलेट पर आपको सभी प्रकार की मिष्ठान,नमकीन, सनएक्स, ड्राई फ्रूट, गिव टाइम पर केक एवं रेस्टोरेंट साथ किट्टी पार्टी एंड फैमिली पार्टी हाल की सभी किफायती कम दामों पर बेहतरीन क्वालिटी एवं सर्विस के साथ उपलब्ध है। मुरली स्वीट्स पर स्वामणि की प्रसाद जिसमें मोटी बूंदी, पेड़ा चूरमा एवं विवाह शादी की सभी प्रकार की भाजी के ऑर्डर तैयार किए जाते हैं, और बहुत ही अच्छी पैकिंग उपलब्ध करवाई जाती है। भिवानी की स्पेशल जूस वाली पनीर की सब्जी हर समय तैयार मिलती है। मुरली स्वीट्स का प्रमुख उद्देश्य ग्राहक को कम रेट में बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध करवाना है।

## प्रशासन की घोर लापरवाही से मुसीबत झेल रहे लोग

# तिलक नगर में गली खोदकर बनाना भूला प्रशासन, बढ़े हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

शहर के तिलक नगर क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा कॉलोनीवासी पिछले कई महीनों से भुगत रहे हैं। अक्टूबर माह में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल पाइप लाइन को दूसरी गलियों से जोड़ने के नाम पर गली में खुदाई करवाई गई थी, लेकिन चार महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद गली का निर्माण नहीं कराया गया। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि यहां से गुजरने वाले राहगीर भी आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। यह गली गली नम्बर 15 को 18 से जोड़ती है। कॉलोनी में दो दर्जन से अधिक घरों के सामने पूरी गली खोद दी गई है। खुदाई के बाद मिट्टी और पत्थर बेतरतीब तरीके से छोड़ दिए गए हैं। बारिश के समय यहां कीचड़ और पानी भर जाता है। स्थिति यह है कि छोटे बच्चे और बुजुर्ग जब घर से बाहर निकलते हैं तो असंतुलन के कारण गिर जाते हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गली का निर्माण कराया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

*अक्टूबर में खोदी गई गली, नहीं बनी, लाइन जोड़ने के नाम पर करवाई थी खुदाई, दर्जन से अधिक घरों के सामने गली खोदकर छोड़ी, सैकड़ों राहगीरों को हो रही परेशानी*



रोहतक। तिलक नगर की टूटी हुई गली का दृश्य। *फोटो: हरिभूमि*

### शिकायत दी जा चुकी



हरीश ने बताया कि कई बार नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, लेकिन जमीन पर काम शुरू नहीं होता।

### मुख्य मार्ग ही टूटा



कॉलोनी निवासी राज सिंह ने बताया कि यह समस्या केवल कुछ घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि सैकड़ों राहगीर रोजाना इस गली से गुजरते हैं। यह मुख्य संपर्क मार्ग है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी परेशान हैं।

### अधूरा छोड़ा काम



स्थानीय निवासी नीरज ने बताया कि विभाग ने काम अधूरा छोड़ दिया है। अक्टूबर में पाइप लाइन डालने के नाम पर गली खोदी गई थी। अधिकारियों ने कहा था कि कुछ ही दिनों में गली बना दी जाएगी, लेकिन आज तक कोई सुध लेने नहीं आया। रोजाना बच्चों और बुजुर्गों का गिरना आम हो गया है।

### जल्द हो निर्माण



कमलेश दलाल ने बताया कि खुदाई के कारण दोबारा गली निर्माण समय पर किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय निवासी आराम से रह सकें। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग को कहा गया तो कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### फंस जाते हैं ई-रिक्शा भी

स्थानीय निवासी सुखबीर सिंह ने बताया कि गली से वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन तो गिर ही जाते हैं, कई बार कार और ई-रिक्शा भी फंस जाते हैं। रात के समय तो हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं। पैदल जाते समय भी चोट लगने का खतरा बना रहता है। प्रशासन को समय रहते यहां सीमेंट से गली का निर्माण करवाना चाहिए। लोगों को कनेक्शन ठीक करवाने में भी काफी रुपये खर्च करने पड़े।



### इसलिए तुड़वाई गई थी गली

अक्टूबर 2025 में जिस समय यह गली तोड़ी गई जब जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया था कि गली नम्बर 15 में आगे की गलियों में पानी नहीं जा रहा है। इसलिए इस गली की लाइन से आगे पानी भेजा जाएगा। इसके बाद गली तोड़ दी गई। जगह-जगह गड्ढे कर दिए गए हैं। जिनमें पानी भरा हुआ है। लोगों का कहना है कि अब पानी भी इस गली से नहीं जोड़ा गया।

---

हरिभूमि मेरा शहर मेरी समस्या सेक्टर-1 पहल

## बारिश के मौसम में स्थिति हो जाती है और भी खराब

# बाबू जी धीरे चलना...बड़े बड़े गड्ढे हैं इन राहों में...

## टूटी सड़कों पर बच्चे बूढ़े और महिलाएं हो रहे चोटिल

रोहतक। सेक्टर-1 की सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं और सड़क का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। आए दिन दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को हादसों का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। हर बार उन्हें आश्वासन तो मिला, लेकिन आज तक सड़कों की स्थायी मरम्मत नहीं हो सकी है। केवल खानापूर्ति के लिए कभी-कभार मिट्टी या रोड़ी डाल दी जाती है, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाती है।

*बारिश के मौसम में सड़कों पर पानी भर जाता है और इन गड्ढों में कई कई दिनों तक पानी खड़ा रहता है। इसके कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर के सबसे पॉश इलाक में ऐसे हालात प्रशासन की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। लोगों की मांग है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दे और सड़कों की मुरम्मत करवाए, ताकि टूटी सड़कों से लोगों को राहत मिल सके।*



**अगर सेक्टर, गली-मोहल्ले, वार्ड व गांव में समस्याओं से हैं परेशान तो इस नंबर 9253681012 पर करें व्हाट्सएप। हम उठाएंगे आपका मुद्दा।**

### समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन



जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। प्रशासन केवल आश्वासन न दे, बल्कि जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम शुरू करवाए, ताकि लोगों राहत मिल सके। -कदम सिंह अहलावत, पूर्व पार्षद

### गड्ढों में सड़क पर साइकिल चलाना भी मुश्किल



सड़कें टूटी हुई हैं। भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। हालात इतने बदतर हैं कि यहां साइकिल चलाना भी मुश्किल है। सुबह शाम घूमने जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी होती है। गिरने का खतरा बना रहता है। -रूहिश, स्थानीय निवास

### अंधेरे में बढ़ जाती है परेशानी, नहीं दिखाई देते गड्ढे, हादसों का बना रहता है खतरा



रात के समय यह समस्या और भी खतरनाक हो जाती है। अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। प्रशासन जल्द से जल्द सड़कों का पुनर्निर्माण करवाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिले। -तुषार सहगल, स्थानीय निवासी

### बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी, खराब सड़कों के कारण वाहन चालक परेशान



सड़कों की खराब हालत के कारण रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। बच्चों को स्कूल छोड़ने, बुजुर्गों को अस्पताल ले जाने और कामकाज पर जाने में काफी दिक्कत होती है। वाहन खराब हो चुके हैं। गिरने से लोग चोटिल हो रहे हैं। -चांद जांगड़ा, स्थानीय निवासी

---

## नेशनल गर्ल चाइल्ड-डे : बच्चों को कानूनी अधिकार बताए

रोहतक। नेशनल गर्ल चाइल्ड डे के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान के मार्गदर्शन में स्थानीय बाल भवन एवं राजेंद्र नगर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता कामनी चोपड़ा ने बच्चों को बालिका संबंधी कानूनों पर केंद्रित जागरूकता सत्र के दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि कानून का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा बाल विवाह कराने वालों को दंडित करना है, ताकि बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत करवाया गया। साथ ही शिक्षा का



अधिकार अधिनियम, पोक्सो अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी सरल भाषा में प्रदान की गई। कार्यक्रम में बाल ग्रह अधीक्षक श्रीमती निशु, पीएलवी मनोज कुमार, एडवोकेट बबीता फोगाट, एडवोकेट बबीता किराड़ की भी उपस्थिति रही।

## खरावड़ के कन्या स्कूल का नाम बदला

सांपला। खंड के गांव खरावड़ स्थित राजकीय कन्या वमावि में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब स्वतंत्रता सेनानी के बारे में जान सकेंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 26 जनवरी के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने खरावड़ गांव के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम स्वतंत्रता सेनानी दयाचंद आर्य के नाम पर रख दिया है।

---

## शहर में आज

- ⏭ सैनी कॉलेज में हवन यज्ञ।
- ⏭ महारानी किशोरी कॉलेज द्वारा गांव मायना में एनएसएस शिविर का आयोजन।
- ⏭ प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर नगर निगम मेयर रामअवतार वाल्मीकि द्वारा सीनियर सिटीजन में पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सुबह नौ बजे।

**बिजली बाधित**

- ⏭ दोपहर एक बजे से दो बजे तक-
- ⏭ सेक्टर 6, बस स्टैंड के साथ मार्केट, विशाल नगर, आजादगढ़, दिल्ली रोड, लक्ष्मी नगर, विकास नगर, किशनपुरा, मानसरोवर कालोनी, झंग कॉलोनी, सनसिटी।

## खबर संक्षेप

### मिशन बुनियाद के तीसरे चरण की परीक्षा 30 को

रोहतक। छात्रों को मिशन बुनियाद योजना के तहत निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। मिशन बुनियाद के दूसरे चरण की परीक्षा 30 जनवरी को आयोजित की जाएगी। पहले चरण में पास होने वाले विद्यार्थी दूसरे चरण की परीक्षा में भाग लेंगे। लेवल दो में सफल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल-3 की परीक्षा में भाग लेंगे। लेवल तीन की परीक्षा पास करने वाले छात्रों को जेईई और मेडिकल की निः शुल्क कोचिंग दी जाएगी।

### कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने को 5 से प्रशिक्षण

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि खरावड़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 05 फरवरी से कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9996940690 एवं 8950264914 पर संपर्क करें।

---



## शिव शक्ति साहित्य सदन में बसंत पंचमी की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

बसंत पंचमी के अवसर पर शिव शक्ति साहित्य सदन में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ विनय गौड, डॉ अर्चना कोचर एवं मुख्यातिथि डॉ जगबीर राठी द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉ आरती साहू द्वारा सरस्वती वंदना से मां का स्तुतिगान किया गया। इस अवसर पर कवियों ने अपनी सशक्त रचनाओं, गजलों, गीतों एवं भजनों से साहित्य सदन को गुंजायमान कर दिया। वहीं रोहतक की जानी-मानी चिकित्सक डॉ विनय गौड की पुस्तक - "मन मंजरी से मन मसि तक" का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में एनके तनेजा, अनीता तनेजा, एमएल अरोड़ा, सतीश मलिक, सुरेश सलूजा, डॉ. सचिन सहगल, प्रवीण सहगल, डॉ. मंजू जैन, डॉ. सुधा जैन आदि मौजूद रहे।

## गद्दी खेड़ी फायरिंग कांड का खुलासा अवैध हथियारों के साथ दो युवक दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ टीम ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक दोनाली बंदूक और कुल 96 रौंद बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपियों ने गांव गद्दी खेड़ी निवासी आशीष उर्फ आशु के घर पर फायरिंग करने की वारदात को अंजाम दिया था। प्रभारी सीआईए-1 स्टाफ निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि वाहनों की चैकिंग दौरान जेल चौक की ओर से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को शक के आधार पर रोका गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर एक युवक के पास से रिवाल्वर और कारतूस, जबकि दूसरे युवक के पिठ्ठू बैग से दोनाली बंदूक व भारी मात्रा में रौंद बरामद किए गए। दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

### शिवाजी कॉलोनी थाने में केस दर्ज

गिरफ्तार युवकों की पहचान विष्णु पुत्र नरेश निवासी रुड़की और राहुल पुत्र विरेंद्र निवासी गांव अजायब के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेश करने के बाद दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों ने 20/21 जनवरी की रात गांव गद्दी खेड़ी निवासी आशीष उर्फ आशु के घर पर फायरिंग की थी। इस वारदात में विष्णु ने अपने साथी के साथ मिलकर फायरिंग की, जबकि राहुल साजिश में शामिल रहा।

## व्हाट्सएप-टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी के आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

**40,000 रुपये की ठगी का खुलासा**

जिले में ऑनलाइन ठगी के एक मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते गिरोह में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने 40 हजार की ठगी की वारदात में संलिप्त आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। थाना सिविल लाइन की प्रभारी पीएसआई अंकिता ने बताया कि प्रेम नगर निवासी रितेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की । शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2025 को उसके फोन पर व्हाट्सएप से संदेश प्राप्त हुआ था, जिसमें टेलीग्राम पर एक टास्क पूरा करने पर 41 रुपये मिलने का लालच दिया। शुरुआत में मामूली रकम मिलने के बाद आरोपी ने पीड़ित का विश्वास जीत लिया और फिर धीरे-धीरे अलग-अलग बहानों से पैसे ट्रांसफर करवाने लगे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनू पुत्र पप्पू निवासी मेघवालों का वास, ब्यावर (राजस्थान) और सुजेन पुत्र नजीब खान निवासी तेजा चौक, मस्जिद वाली गली, बिचेड़ी मोहल्ला, ब्यावर (राजस्थान) के रूप में हुई है।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

## भाली आनंदपुर में 10वां ग्रामोत्सव आज

- राज्यसभा सांसद सुभाष बराला होंगे मुख्य अतिथि, आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी देंगे वैचारिक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

ग्रामीण चेतना, सेवा और स्वावलंबन के संकल्प को साकार करता मेरा गांव मेरा तीर्थ 10वां ग्रामोत्सव रविवार को कुटिया वाला मैदान, भाली आनंदपुर में प्रातः 9:00 बजे से शुरू हो जाएगा। इस अनूठे ग्रामोत्सव का आयोजन शहीद चन्द्रशेखर आजाद सेवा समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। बीते एक सप्ताह से ग्राम में उत्सव की तैयारियां पूरे जोश-खरोश के साथ चल रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। ग्रामोत्सव के संयोजक प्रतीक ने बताया कि यह आयोजन ग्राम विकास, सेवा, स्वावलंबन और सामाजिक समरसता की भावना को समर्पित है। ग्रामोत्सव के दौरान नेत्र जांच शिविर एवं निःशुल्क चश्मा वितरण, स्वास्थ्य जांच शिविर, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण, रक्तदान शिविर, रोजगार मेला तथा साइबर सहायता केंद्र प्रमुख आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला होंगे।



### शादी समारोह में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तीन घंटे में आरोपी पकड़ा

रोहतक। जिले में शादी समारोह के दौरान एक व्यक्ति पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त अवैध हथियार भी बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की और फायरिंग करने वाले आरोपी विक्की को गिरफ्तार कर लिया।

## मत का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

- पीजीआईएमएस में राष्ट्रीय वोटर दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि में राष्ट्रीय वोटर दिवस मनाया। अवसर पर लेक्चर थिएटर 5,6, नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज और फार्मेसी कॉलेज सहित कई विभागों में राष्ट्रीय वोटर दिवस मनाकर विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने में सफल रहा।



रोहतक। लेक्चर थिएटर 5,6, नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज और फार्मेसी कॉलेज सहित कई विभागों में राष्ट्रीय वोटर दिवस पर विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाते डीन डॉ. अशोक चौहान। *फोटो: हरिभूमि*

---

## काठमांडू में बसंत पंचमी पर आयोजित इंडो नेपाल थिएटर फेस्टिवल में छाए रोहतक के कलाकार

*कितना भयानक होता है सपनों का टूटना, नाटक के माध्यम से दर्शाया गया*

# काठमांडू में नाटक दयाशंकर की डायरी का मंचन, जिंदगी के कई पहलू दिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

काठमांडू में वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आरंभ हुए इंडो नेपाल थिएटर फेस्टिवल में सप्तक कल्चरल सोसाइटी रोहतक के कलाकारों ने विख्यात नाटक दयाशंकर की डायरी का सफल मंचन किया। नाटक काठमांडू के वरिष्ठ रंगकर्मी राज न्यौपाने के समन्वयन में कांतिपुर फिल्म अकादमी के सभागार में हुआ। नाटक की लेखिका विख्यात फिल्म अदाकारा नादिरा जाहिर बब्बर हैं जब की नाटक का निर्देशन किया है हरियाणा के वरिष्ठ रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा ने। नाटक ऐसे आम आदमी की जिंदगी पर आधारित है जो बड़े बड़े सपने लिए मायानगरी मुंबई में चला आता है। लेकिन उसके सपने टूटने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। सौ में से निन्यानबे लोगों का यही हश्र होता है। कोई एक आधा हो अपने आप को स्थापित कर पाता है। ऐसे ही शख्श की कहानी है दयाशंकर की डायरी। जब उसका कुछ नहीं बन पाता तो वो वाहन पर क्लर्क की नौकरी कर लेता है। अपने सपनों को मंच पर बयान करते करते जिंदगी के सभी पहलुओं को याद करता है कि कितना भयानक होता है सपनों का टूटना।



रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। *फोटो: हरिभूमि*

### इन्होंने निभाए किरदार

नाटक में मंच पर उस बिहारी युवक का किरदार निभाया सुकुमार शर्मा ने जब की गिटार पर उनका साथ दिया विकास रोहिला ने। रिकॉर्डेड म्यूजिक संभाला जगदीप जुगनू ने जब की प्रोडक्शन और रंगसज्जा का जिम्मा उठाया शक्ति सरोवर त्रिखा और राजेश ने। दर्शकों में नेपाली रंगमंच के कलाकारों के इलावा नेपाली फिल्म इंडस्ट्री के बहुत से कलाकार राज न्यौपाने, बेनिश हमल सृष्टि श्रेष्ठ, फिल्म डायरेक्टर ब र गेट्स्बी,विमल यादव ,ज्योति लामा, श्वेता चेलेगन और मीमांसा परसाई और कांतिपुर अकादमी के सी ई ओ प्रकाश पूरी उपस्थित रहे।



रोहतक। राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के दौरान मौजूद सर्कल सुपरवाइजर नैंसी व बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

## नैंसी ने बेटियों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए जागरूक किया

रोहतक। गांव बहुजमालपूर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस सर्कल स्तर पर शनिवार को मनाया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू यादव के आदेश अनुसार सर्कल सुपरवाइजर नैंसी की ओर से सक्षम आंगनवाड़ी में आयोजित किया गया। इसमें आंगनवाड़ी के छोटे- छोटे बच्चों ने अलग-अलग रोल निभाया जैसे कि डॉक्टर, प्राइम मिनिस्टर, आर्मी ऑफिसर आदि। नैंसी ने बेटियों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनवाडी कार्यकर्ता सुनीता, मुकेश, ममता उपस्थित रही।